www.prepp

UP Police Constable 2010 Question Paper

उत्तर प्रदेश पुलिस

आरक्षी (कॉन्स्टेबिल) भर्ती परीक्षा, 2010

# हल प्रश्न-पत्र

## भाग-1 (सामान्य ज्ञान)

1. वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा कितनी होती है?
(A) 18% (B) 21%
(C) 78% (D) 39%

2. आर्यभट्ट था एक प्रसिद्ध :
(A) चिकित्सक (B) चित्रकार
(C) खगोलवेत्ता (D) वैज्ञानिक

3. नीचे लिखे वाक्य के लिए सही मुहावरे का चयन कीजिए।
आखिर एक दिन अत्याचार का भी अन्त होता है और अत्याचारी अपने दुष्कर्मों के लिए स्वयं :
(A) सिर धुनता है।
(B) कलेजे पर हाथ रखता है।
(C) असमंजस में पड़ जाता है।
(D) फूट-फूट कर रोता है।

4. भारत का कौन-सा प्रदेश रबर का सबसे अधिक उत्पादन करता है?
(A) तमिलनाडु (B) आन्ध्र प्रदेश
(C) केरल (D) महाराष्ट्र

5. निम्न में से कौन-सी भाषा उत्तर प्रदेश की दूसरी राज्य भाषा है?
(A) अंग्रेजी (B) भोजपुरी
(C) उर्दू (D) हिन्दी

6. ब्रिटेन की मुद्रा का नाम है :
(A) डॉलर (B) पौण्ड
(C) दीनार (D) फ्रैंक

7. निम्न में से कौन-सा राज्य उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती राज्य है?
(A) राजस्थान (B) पंजाब
(C) पश्चिम बंगाल (D) आन्ध्र प्रदेश

8. रुपए की तुलना में किस विदेशी मुद्रा का मूल्य अधिकतम है?
(A) येन
(B) आस्ट्रेलियन डॉलर
(C) यू.एस. डॉलर
(D) ब्रिटिश पौण्ड

9. भारत में कितने वर्ष के अन्तराल के बाद जनगणना की जाती है?
(A) पांच वर्ष (B) सात वर्ष
(C) दस वर्ष (D) आठ वर्ष

10. नीचे दिए गए काले अक्षर वाले शब्द का अनेकार्थ शब्द लिखिए :
आजकल के घरों में एक **सुसज्जित कक्ष** अवश्य होता है।
(A) कमरा (B) अन्तःपुर
(C) खाना खान (D) बैठक

11. भारत का प्रधानमन्त्री बनने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?
(A) 21 वर्ष (B) 25 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 35 वर्ष

12. बहुचर्चित पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेज' का लेखक है :
(A) सलमान रूश्दी (B) सेमूर एम. हर्ष
(C) जार्ज आर्वेल (D) जे. एम. बेरी

13. पानीपत का तृतीय युद्ध किन के बीच लड़ा गया?
(A) मराठों और अंग्रेजों के मध्य
(B) मुगलों और शेरशाह के मध्य
(C) अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के मध्य
(D) अहमदशाह अब्दाली और मराठों के मध्य

14. रेफ्रीजरेटर में कौन-सी गैस का प्रयोग किया जाता है?
(A) अमोनिया (B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) क्लोरीन (D) हाइड्रोजन

15. नागार्जुन सागर परियोजना किस नदी पर बनी है?
(A) गंडक (B) कोसी
(C) कृष्णा (D) महानदी

16. 16वें वार्षिक स्टार स्क्रीन पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान विद्या बालन को निम्न में से कौन-सी फिल्म के लिए मिला है?
(A) पा (B) इश्किया
(C) भूल भुल्लैया (D) एकलव्य

17. विटामिन 'बी' की कमी से बीमारी होती है :
(A) सूखा रोग (B) रतौंधी
(C) बेरी-बेरी (D) टीबी

18. कौन-सा रक्त वर्ग हर रक्त वर्ग वाले मनुष्य को दिया जा सकता है?
(A) B (B) O
(C) A (D) AB

19. यदि पृथ्वी का अक्ष झुका हुआ नहीं होता तो सूर्य की किरणें केवल लम्बवत् पड़तीं :
(A) कर्क रेखा पर (B) मकर रेखा पर
(C) ध्रुवों पर (D) भूमध्य रेखा पर

20. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह नहीं है?
(A) शनि (B) सूर्य
(C) बृहस्पति (D) बुध

21. श्वेताम्बर और दिगम्बर किस धर्म के हैं?
(A) बौद्धमत (B) जैनमत
(C) हिन्दुत्व (D) सिखमत

22. निम्नलिखित में से भारतीय नेपोलियन किसे माना जाता है?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) समुद्रगुप्त
(C) अशोक (D) हर्षवर्धन

23. पचास रुपए के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?
(A) गवर्नर रिजर्व बैंक (B) प्रधानमन्त्री
(C) राष्ट्रपति (D) वित्तमन्त्री

www.prepp

24. माइक्रो-सॉफ्ट किंग किसे कहा जाता है?
(A) बिल गेट्स
(B) पौल गैटी
(C) डॉ. केनेथ ओल्सन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. कौन-सी गैस वायुमण्डल के ओजोन स्तर को अपघटित करती है?
(A) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) कार्बन मोनोऑक्साइड
(D) मिथेन

26. गैस एजेन्सियों द्वारा सिलिन्डरों में भरकर दी जाने वाली कुकिंग गैस है :
(A) द्रव
(B) गैस
(C) ठोस
(D) एक घोल

27. दिए गए काले अक्षर का पर्यायवाची शब्द छांटिए।
राष्ट्रीय **झण्डे** का हम सभी अभिवादन करते हैं।
(A) ध्वज
(B) पताका
(C) सेतु
(D) विमान

28. 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' का लेखक कौन है?
(A) जय प्रकाश नारायण
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद
(D) इन्दिरा गांधी

29. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?
(A) प्रधानमन्त्री
(B) मुख्यमन्त्री
(C) राष्ट्रपति
(D) मुख्य न्यायाधीश

30. 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया है?
(A) चौधरी चरण सिंह
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) लाल बहादुर शास्त्री
(D) इन्दिरा गांधी

31. नीचे दिए गए वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनिए।
स्वतन्त्रता संग्राम में गांधीजी ने कई बार ............ अनशन किए थे।
(A) सत्याग्रह
(B) जेल में जाकर
(C) आमरण
(D) जल त्याग

32. लाल रक्त कण (RBC) शरीर के किस अंग में बनता है?
(A) अस्थि मज्जा
(B) हृदय
(C) गुर्दा
(D) तिल्ली

33. पंजाब किंग्स XI टीम IPL-3 का नया कप्तान निम्न में से कि
नियुक्त किया गया है?
(A) युवराज सिंह
(B) कुमार संगकारा
(C) हरभजन सिंह
(D) प्रवीन कुमार

34. द्रोणाचार्य पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?
(A) साहित्य लेख
(B) कला व संस्कृति
(C) खेल प्रशिक्षण
(D) समाज सेवा

35. दिए हुए काले अक्षर वाले शब्द का विपरीतार्थक शब्द छांटिए।
**अनुकूल**
(A) प्रतिकूल
(B) विरुद्ध
(C) विपरीत
(D) ततस्व

36. साइना नेहवाल का नाम किस खेल से जुड़ा है?
(A) टेनिस
(B) शतरंज
(C) बैडमिंटन
(D) बॉक्सिंग

37. जब कोई राज्य राष्ट्रपति के शासन के अन्तर्गत होता है तब उस
का बजट कौन पारित करता है?
(A) राष्ट्रपति
(B) संघीय मन्त्रिपरिषद्
(C) संसद
(D) वित्त मन्त्रालय

38. निम्नलिखित में से कौन-से स्थान पर कुम्भ मेला नहीं होता है?
(A) उज्जैन
(B) इलाहाबाद
(C) हरिद्वार
(D) वाराणसी

39. कथकली निम्नलिखित में से कौन-से राज्य का शास्त्रीय नृत्य है?
(A) केरल
(B) कर्नाटक
(C) बंगाल
(D) पंजाब

40. हमारे शरीर में पित्त रस (Bile) कहां पैदा होता है?
(A) यकृत
(B) अग्न्याशय
(C) तिल्ली
(D) गुर्दा

## भाग-2 (आंकिक और मानसिक सामर्थ्य परीक्षण)

41. एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है फिर भी उसे 20% का लाभ होता है। यदि दुकानदार छूट न दे तो उसे कितने प्रतिशत का लाभ होगा?
(A) $40\frac{2}{3}\%$
(B) $58\frac{1}{3}\%$
(C) 50%
(D) $42\frac{2}{3}\%$

42. (?) के स्थान पर उपयुक्त विकल्प का चुनाव करें :
mnOPQ RStuv wxYZA ?
(A) BCdef
(B) bcdEF
(C) BCDEF
(D) BCDef

43. A, B के पिता हैं। C, D के पुत्र हैं। निम्न में से कौन-से कथन द्वारा यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि C, A का पौत्र है?
(A) C, B की पत्नी है।
(B) B, D की बहन है।
(C) D, A की पुत्री है।
(D) B, D की पुत्री है।

44. राम ने ₹ 12,000 लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। 6 महीने
रहीम ने भी ₹ 15,000 लगाकर व्यापार में साझा कर लिया। यदि
के अन्त में राम को ₹ 6,400 का लाभ हुआ हो तो रहीम को कि
लाभ होगा?
(A) ₹ 4,000
(B) ₹ 4,500
(C) ₹ 4,200
(D) ₹ 4,800

45. एक दुकानदार एक वस्तु पर उसके क्रय मूल्य का 3/4 भाग अं
करता है। यदि वह अंकित मूल्य पर 40% लाभ लेकर उस वस्तु को
तो उसे कितने प्रतिशत का लाभ या हानि होगी?
(A) 6% हानि
(B) 6% लाभ
(C) 5% लाभ
(D) 5% हानि

46. $0.5 \div 0.125 = ?$
(A) 0.625
(B) 0.575
(C) 0.0575
(D) 4

www.prepp

47. सुषमा रश्मि से धनी है जबकि आनन्द प्रिया से अमीर है। अरुण रश्मि जितना अमीर है। शोभा सुषमा से अमीर है। उपर्युक्त कथन के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(A) रश्मि प्रिया से गरीब है।
(B) प्रिया अरुण से अमीर है।
(C) अरुण सुषमा से गरीब है।
(D) आनन्द रश्मि से अमीर है।

48. कपिल और अवतार ने किसी व्यापार में क्रमशः ₹ 1,300 तथा ₹ 1,400 लगाए। यदि वर्ष के अन्त में ₹ 675 लाभ हुआ हो तो कपिल को लाभ में कितने रुपए मिले?
(A) ₹ 320 (B) ₹ 325
(C) ₹ 345 (D) ₹ 340

49. $23 \times (64 - 24) \div 100$ का मान होगा :
(A) 92 (B) 8.20
(C) 9.20 (D) 82

50. एक वृत्त का व्यास 49 मीटर है। उसकी परिधि कितनी होगी?
(A) 133 मी. (B) 154 मी.
(C) 119 मी. (D) 105 मी.

51. किसी घड़ी के घण्टे की सुई एक मिनट में कितने डिग्री घुमती है?
(A) 1 डिग्री (B) 6 डिग्री
(C) 1/2 डिग्री (D) 1/3 डिग्री

52. साधारण ब्याज की किस दर से ₹ 925 का 5 वर्ष में मिश्रधन 1,110 रु. हो जाएगा?
(A) 6% (B) 4%
(C) 5% (D) 3%

53. 50 ग्राम और 2 किग्रा में क्या अनुपात है?
(A) 1 : 40 (B) 3 : 40
(C) 5 : 80 (D) 2 : 82

54. किस धन का 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 3 वर्ष का मिश्रधन ₹ 1,331 होगा?
(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,500
(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 800


55. ₹ 3,200 का 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने समय में चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 672 हो जाएगा?
(A) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (B) $1\frac{1}{2}$ वर्ष
(C) 2 वर्ष (D) $3\frac{1}{2}$ वर्ष

56. नीचे दिए गए चार शब्दों में से तीन शब्द एक-दूसरे से विशेष समानता रखते हुए एक समूह बनाते हैं। कौन-सा शब्द उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(A) गाजर (B) मूली
(C) आलू (D) बैंगन


57. एक रेलगाड़ी की लम्बाई 150 मीटर है और वह 42 किमी/घण्टा की चाल से चल रही है। रेलवे लाइन के नजदीक खड़े एक व्यक्ति से गुजरने में वह कितना समय लेगी?
(A) 10 से. (B) $10\frac{6}{7}$ से.
(C) 12 से. (D) $12\frac{6}{7}$ से.

58. (A), (B), (C), (D) आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्नसूचक स्थान पर आएगी?

**प्रश्न आकृतियां**





**उत्तर आकृतियां**



(A) (B) (C) (D)


59. 40 मी. लम्बे तथा 30 मी. चौड़े एक आयताकार मैदान के चारों ओर 2.5 मी. चौड़ा रास्ता है। ₹ 3.50 प्रति वर्ग मी. की दर से रास्ते पर घास लगवाने का खर्च क्या होगा?
(A) ₹ 1,312.50 (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 1,012.50 (D) ₹ 1,300

60. निम्न ग्राफ में एक विद्यालय के 5 वर्षों का परीक्षाफल प्रदर्शित किया गया है। इस ग्राफ के आधार पर प्रश्न के उत्तर दीजिए :




वर्ष 2006 में फेल छात्रों की संख्या क्या होगी?
(A) 220 (B) 200
(C) 225 (D) 325

61. दर्शायी गई आकृति में से कौन-सी आकृति अन्य से भिन्न है?



1 2 3 4 5

(A) 1 (B) 3
(C) 4 (D) 5

62. प्रश्नवाचक चिह्नों (? ?) को बदलने के लिए दिए गए विकल्पों में से सही अंकों का चुनाव करें :
1, 2, 3, 4, 5, 7, ?, ?
(A) 11,13 (B) 10,11
(C) 8, 9 (D) 9, 11

63. $\frac{4}{8} \div \left(\frac{1}{2} - \frac{1}{3}\right) \times \frac{4}{6} = ?$
(A) 1 (B) $1\frac{1}{2}$
(C) $2\frac{1}{2}$ (D) 2

www.prepp

**64.** एक कक्षा में चार विद्यार्थियों के प्राप्तांक क्रमशः 72, 60, 63 और 65 हैं। उनका औसत प्राप्तांक क्या होगा?

(A) 60 (B) 65

(C) 62 (D) 68

**65.** तीन अंकों की छोटी से छोटी संख्या निम्नलिखित में से क्या होगी जो 4, 8 और 16 से पूर्णतः विभाजित हो?

(A) 111 (B) 112

(C) 110 (D) 108

**66.** 30 और 42 का ल.स.प. क्या होगा?

(A) 500 (B) 600

(C) 210 (D) 300

**67.** 0.24 को सबसे छोटी भिन्न में बदल कर लिखेंगे :

(A) 12/50 (B) 3/25


(C) 6/25 (D) 1/8

**68.** $2^{50}$ का दो गुना कितना होगा?

(A) $2^{51}$ (B) $2^{99}$

(C) $2^{200}$ (D) $2^{55}$

**69.** नीचे दिए गए पाई चार्ट में किसी परिवार के विभिन्न मदों पर खर्च को प्रदर्शित किया गया है। इस पाई-चार्ट का सावधानीपूर्वक अध्ययन करके इससे सम्बन्धित आगे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :




यदि भोजन पर खर्च ₹ 750 प्रतिमाह हो, तो बच्चों की शिक्षा पर वार्षिक व्यय कितने रुपए होगा?

(A) ₹ 2,150 (B) ₹ 1,022

(C) ₹ 2,250 (D) ₹ 1,400

**70.** 360 का 30% – 280 का 10% = 800 का ?% है तो ? का मान बताओ।

(A) 15

(B) 12

(C) 10

(D) 14

**71.** दिए गए अक्षर समूह द्वारा कौन-सा अर्थपूर्ण शब्द बन सकता है?

AUBEYT

(A) ABOUT

(B) BEAUTY

(C) EVENTLY


(D) AUBETY

**72.** अहमद ने ₹ 1,440 5% वार्षिक दर से तथा ₹ 1,650 4% वार्षिक दर से उधार लिए, तो 3 वर्ष बाद उसे कुल कितना ब्याज देना पड़ेगा?

(A) ₹ 414 (B) ₹ 416

(C) ₹ 408 (D) ₹ 480

**73.** संयुक्त छायांकित क्षेत्र किस आयु वर्ग को प्रदर्शित करता है?




(A) कुल आवादी

(B) 60 वर्ष से कम आयु वाले लोग

(C) वोट देने की आयु प्राप्त कर चुके लोग

(D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**74.** 45 किमी/घण्टे की रफ्तार, मी/सेकण्ड में कितनी होगी?

(A) 12.5 मी/सेकण्ड

(B) 10.5 मी/सेकण्ड

(C) 10 मी/सेकण्ड

(D) 8 मी/सेकण्ड

**75.** 8 आदमी किसी काम को 10 दिन में कर सकते हैं। काम शुरू होने तीन दिन बाद 4 आदमी काम छोड़कर चले जाते हैं। तो शेष बचे आ उस काम को कितने दिन में पूरा कर लेंगे?

(A) 12 दिन (B) 14 दिन

(C) 15 दिन (D) 17 दिन

**76.** एक कक्षा के 20 छात्रों का औसत वजन 21 किग्रा है। यदि उ अध्यापक का भी वज़न सम्मिलित कर लिया जाए तो उनका औ वज़न एक किग्रा और अधिक हो जाता है। तो अध्यापक का वजन होगा?

(A) 41 किग्रा (B) 44 किग्रा

(C) 42 किग्रा (D) 48 किग्रा

**77.** यदि किसी संख्या का घन किया जाए तो निम्नलिखित में से कौन-से इकाई स्थान पर हो सकते हैं?

(A) 1 (B) 8

(C) 0 से 9 तक कोई भी (D) 9

**78.** चीनी का भाव 40% बढ़ जाने से कोई परिवार चीनी का उपभोग कि प्रतिशत कम कर दे ताकि परिवार का खर्च न बढ़े?

(A) $27\frac{4}{7}\%$ (B) $28\frac{4}{7}\%$

(C) $29\frac{4}{7}\%$ (D) $30\frac{4}{7}\%$

**79.** राम और श्याम दोनों मिलकर किसी काम को 8 दिन में कर सकते परन्तु राम अकेले उस काम को 14 दिन में कर सकता है, तो अ श्याम उस काम को कितने दिन में पूरा कर लेगा?

(A) $18\frac{1}{3}\%$ (B) $17\frac{2}{3}$

(C) $18\frac{2}{3}$ (D) $17\frac{1}{3}$

**80.** राम और मोहन की आय में 8 : 3 का अनुपात है। यदि उनकी अ में अन्तर ₹ 1,000 हो, तो राम की आय कितनी होगी?

(A) ₹ 1,500 (B) ₹ 1,600

(C) ₹ 600 (D) ₹ 1,100

www.prepp

## भाग-3 (अभिरूचि परीक्षण)

81. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी उत्तर प्रदेश में बहती है?
(A) घाघरा (B) ताप्ती
(C) मांडवी (D) रावी

82. संविधान का कौन-सा आर्टिकल 'रूल ऑफ ला' का विस्तृत उल्लेख करता है?
(A) आर्टिकल-13 (B) आर्टिकल-14
(C) आर्टिकल-15 (D) आर्टिकल-16

83. आपके अनुसार पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य क्या है?
(A) जनता की सुरक्षा
(B) समाज कल्याण
(C) अपने परिवार की सुरक्षा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. हत्या के एक मामले की सुनवाई (ट्रायल) कहां होती है?
(A) उच्चतम न्यायालय में
(B) उच्च न्यायालय में
(C) जिला एवं सत्र न्यायालय में
(D) ग्राम न्यायालय में

85. निम्न में से कौन-सी परिस्थिति सामाजिक परिपक्वता को प्रदर्शित करती है?
(A) सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सक्षम होना
(B) व्यक्ति के जीवन उद्देश्य तथा सामाजिक मान्यताओं के बीच सन्तुलन
(C) उत्तम सामाजिक समायोजन
(D) सबको भाने वाला सामाजिक व्यवहार

86. मेरे घर के सामने वाली सड़क पर बन्दूक चलाने की आवाज आती है तो :
(A) मैं तुरन्त सड़क पर निकल आता हूं।
(B) मैं भी अपनी बन्दूक से गोली चलाता हूं।
(C) मैं अपने घर का दरवाजा बन्द कर लेता हूं।
(D) सोया रहता हूं।

87. पंचायत चुनाव निम्नलिखित में से किस स्तर पर कराया जाता है?
(A) ग्राम स्तर (B) जिला स्तर
(C) नगर स्तर (D) इनमें से सभी

88. ट्रेन में अचानक एक पुराने परिचित पर मेरी नजर पड़ती है, तो मैं सबसे पहले :
(A) अपनी नजरें चुरा लूंगा (B) आगे बढ़कर हाथ मिलाऊंगा
(C) उसके हाथ बढ़ाने की प्रतीक्षा करूंगा
(D) इनमें से कोई नहीं

89. निम्नलिखित में से कौन-से प्रकार का कार्य आजकल पुलिस के लिए अधिक महत्वपूर्ण है?
(A) महिलाओं की सुरक्षा (B) प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा
(C) खाद्य-पदार्थों की सुरक्षा (D) वन्य-जीवों की सुरक्षा

90. शिक्षा के क्षेत्र में कौन-सा सबसे नया कानून है?
(A) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा (B) सर्व-शिक्षा अभियान
(C) शिक्षा का अधिकार (D) प्रौढ़-शिक्षा का प्रसार

91. निम्न में से पुलिसकर्मी का कौन-सा आचरण जनता के विश्वास को नहीं प्राप्त कर सका?
(A) मेलों में खोए गए बच्चों को ढूंढ निकालना
(B) यातायात व्यवस्था को सम्भाल कर दुर्घटनाओं को रोकना
(C) चोरी-डकैती से जनता को बचाने के लिए गश्त लगाना
(D) केवल पुलिस स्टेशन से ही कानून व्यवस्था का नियन्त्रण करना

92. आप एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कार चला रहे हैं। चौराहे पर लाल बत्ती हो जाने पर आप क्या करेंगे?
(A) लाल बत्ती को हरा होने तक इन्तजार करेंगे
(B) यातायात नियम का पालन न करते हुए निकल जाएंगे
(C) अधिकारी से पूछ कर निर्णय लेंगे
(D) बेरोक-टोक चलते जाएंगे

93. निम्नलिखित में से किस प्रकार का व्यवहार एक पुलिसकर्मी का नहीं होना चाहिए?
(A) संवेदनशील (B) क्रूर
(C) मृदुभाषी (D) ईमानदारी

94. एक पुलिस कर्मी के लिए निम्न में से कौन-सा कार्य सबसे आवश्यक है?
(A) आक्रमणों से बचाना
(B) सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति को नियन्त्रित करना
(C) बाजार को निश्चित समय पर खुलवाना
(D) जनता की सुरक्षा

95. भरसक प्रयासों के बावजूद जब सफलता न मिले तो यह समझा जाता है कि :
(A) भाग्य में ऐसा ही लिखा था
(B) बाहरी मदद नहीं मिल पाई
(C) असफलता ही सफलता की सीढ़ी है
(D) प्रयासों में कहीं कोई कमी रह गई थी

96. उत्तरदायित्व की भावना को परखने के लिए आमतौर पर निम्न में से किस पर ध्यान नहीं दिया जाता?
(A) काम को समय से पूरा करना
(B) काम को सुन्दरता के साथ किन्तु देर में पूरा करना
(C) काम को अपने ऊपर बोझ न मानना
(D) काम करके प्रसन्नता का अनुभव करना

97. अपराध नियन्त्रण के लिए पुलिस को :
(A) रात में गश्त लगाना चाहिए
(B) दिन एवं रात में गश्त लगाना चाहिए
(C) कभी भी अचानक से गश्त लगाना चाहिए
(D) योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में गश्त लगाना चाहिए

98. नेतृत्व सिर्फ उस व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है जिसमें गुण होता है :
(A) प्रतिष्ठा का (B) क्रूरता का
(C) उच्च आदर्शों का (D) बनावटीपन का

99. सम्मान प्राप्त करने के लिए दूसरों को सम्मान देना अति आवश्यक होता है, यह उक्ति लागू होती है :
(A) कार्यालय एवं कार्यस्थलों में
(B) केवल सामाजिक परिस्थितियों में
(C) स्कूल सहित सभी स्थानों पर समान रूप से
(D) केवल स्कूलों में

100. अपराध नियन्त्रण के लिए क्या-क्या आवश्यक है?
(i) जन साधारण का सहयोग
(ii) क्षेत्रीय नेताओं का मार्गदर्शन एवं अनुसरण
(iii) कानून का कड़ाई से पालन
(iv) सरकारी एवं विभागीय नीतियां

www.prepp

इनमें से कौन-सा विकल्प ठीक है?
(A) केवल (i)
(B) (i) और (ii)
(C) (i), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii) और (iii)

101. अपराध नियन्त्रण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस के उल्लेखनीय कार्य को दर्शाती हाल ही में बनी एक चर्चित हिन्दी फिल्म का नाम है :
(A) ओंकारा
(B) स्वदेश
(C) बन्टी और बबली
(D) सेहर

102. किसी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाने के सम्बन्ध में, आपका विचार है :
(A) समय का अपव्यय है।
(B) समय का सदुपयोग है।
(C) एक व्यक्तिगत विचार है।
(D) कार्य की सफलता का द्योतक है।

103. यह किस राज्य पुलिस का नारा है : 'आपके साथ-आपके लिए हमेशा'?
(A) उत्तर प्रदेश पुलिस
(B) हरियाणा पुलिस
(C) दिल्ली पुलिस
(D) मध्य प्रदेश पुलिस

104. कोई भी देश तभी बड़ा माना जाएगा जब :
(A) दूसरे देशों की उपेक्षा उसके पास अधिक शक्ति हो
(B) देश के अधिक-से-अधिक लोग राष्ट्रवादी एवं शिक्षित हों
(C) उस देश में नए-नए आविष्कार होते रहें
(D) अधिक उत्पादन हो

105. आप एक पुलिस कर्मी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को कैसे पूरा करते हैं?
(A) चिन्तन करते हैं।
(B) सजग रहते हैं।
(C) लापरवाह रहते हैं।
(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं।

106. सामान्य रूप से विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच मनमुटाव शत्रुता का कारण होता है :
(A) आर्थिक असमानता
(B) आर्थिक असमानता एवं ऐतिहासिक कारण
(C) आर्थिक असमानता एवं अज्ञान
(D) आर्थिक असमानता, ऐतिहासिक कारण एवं दुष्प्रचार

107. सामान्य रूप से कानून में शामिल हैं :
(A) दण्ड
(B) रिकवरी (पुनः प्राप्ति)
(C) पुरस्कार देना
(D) मूल्यांकन करना

108. निम्न में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची के अन्तर्गत आता है?
(A) भू-राजस्व
(B) मूल्य नियन्त्रण
(C) प्रति व्यक्ति कर
(D) आजीविकाओं पर कर

109. आपकी ड्यूटी का समय समाप्त हो गया है लेकिन आपकी जगह पर दूसरा पुलिस कर्मी नहीं आया है। आप क्या करेंगे?
(A) ड्यूटी पर बने रहेंगे
(B) दूसरे पुलिस कर्मी के आने पर घर चले जाएंगे
(C) वरिष्ठ अधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे
(D) ड्यूटी वाले पुलिस कर्मी को ढूंढना शुरू कर देंगे

110. एक पुलिस कर्मी को अपने अधिकारी से सदैव करना चाहिए :
(A) अच्छा व्यवहार
(B) कटु व्यवहार
(C) उचित व्यवहार
(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

111. सहयोगियों के साथ अपने मतभेद दूर करने का उचित उपाय क्य
(A) सहयोगियों के समक्ष अपना तर्क रखकर
(B) अपने अधिकारी से शिकायत करके
(C) मतभेदों का कारण जानने की कोशिश करके आपसी वार्ता उनको दूर करेंगे
(D) उसका मजाक उड़ाकर

112. अगर आप अपने किसी सहयोगी को रिश्वत लेते हुए देख लेते है
(A) उसे रोकने का प्रयास करेंगे
(B) कुछ नहीं करेंगे
(C) सबूत के साथ उच्चाधिकारी को इसकी सूचना देंगे
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

113. यदि कोई व्यक्ति आपकी सहायता करता है, तो आप क्या करते
(A) उसका बदला चुकाते हैं।
(B) उससे मुंह छुपाते हैं।
(C) उसका शुक्रिया अदा करते हैं।
(D) उसे सहायता के बदले पैसा देते हैं।

114. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है :
(A) भाग्य का अनुकूल होना
(B) अवसर प्राप्त करने की क्षमता का होना
(C) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने आपको ढाल लेना और प से न भागना
(D) उपर्युक्त सभी

115. आपके अनुसार जीवन में सफलता मिल सकती है :
(A) मेहनत एवं आत्मविश्वास से
(B) सिफारिश से
(C) अच्छे स्वास्थ्य से
(D) दूसरों की सहायता से

116. असामाजिक लोगों के साथ आपका व्यवहार होता है :
(A) मिलनसार के रूप में
(B) सुधारक के रूप में
(C) आलोचक के रूप में
(D) सामान्य रूप में

117. आप और आपका भाई दोनों पुलिस भर्ती परीक्षा के उम्मीदवार हैं
(A) आप और आपका भाई एक-दूसरे की परीक्षा में मदद करेंगे
(B) परीक्षा एवं शारीरिक योग्यता हेतु साथ-साथ तैयारी करेंगे
(C) शिकायत के डर से अलग-अलग जिलों में फॉर्म भरेंगे
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

118. सभी कानूनों का पालन करना हमारी :
(A) मजबूरी है
(B) जिम्मेदारी है
(C) एक सामाजिक बन्धन है
(D) कुछ प्रभावशाली लोगों का नियन्त्रण बनाए रखने का तरीका

119. वारण्ट के बिना एक पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार क कितने समय के लिए अपनी अभिरक्षा में रख सकता है?
(A) 12 घण्टे
(B) 24 घण्टे
(C) 48 घण्टे
(D) 72 घण्टे

120. जहां पूरा माहौल खराब हो वहां के लोगों के प्रति आपका विचार है :
(A) उस माहौल से स्वयं को अलग कर लेना
(B) खराब माहौल देश की प्रगति में बाधक होता है
(C) उस माहौल में रहकर ही सुधार सम्भव है
(D) सभी को अपने विश्वास में लेकर सुधारात्मक प्रक्रिया प्रारम्भ क



www.prepp


## भाग-4 (बुद्धि शक्ति परीक्षण)

121. यदि अंग्रेजी की वर्णमाला के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखें तो N के दाईं ओर 8वां अक्षर बताएं।

(A) F (B) U
(C) E (D) G

122. नीचे दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनें :

(A)  (B) 

(C)  (D) 

कौन-सा चित्र जलेबी, मिठाई एवं खाने योग्य वस्तुओं का प्रदर्शन सर्वोत्तम रूप से करता है?

123. नीचे दी गए श्रृंखला में खाली स्थान पर क्या होगा?

C, e, G, i, K, ...........

(A) o, k (B) m, o
(C) K, S (D) M, K

124. नीचे दी गई श्रृंखला में खाली जगह के स्थान पर दिए गए सम्भावित उत्तर में से सही उत्तर चुनकर भरिए :

ACD, GIJ, ............

(A) MOP (B) MNO
(C) MNP (D) NOP.

125. नीचे दी गई श्रृंखला में खाली जगह है। नीचे दिए गए सम्भावित उत्तर में से सही उत्तर चुनकर रिक्त स्थान भरिए :

1 + 1 + 2 + 3 + 5 + 8 + 13 + ..........

(A) 22 (B) 21
(C) 28 (D) 34

126. एक स्त्री का परिचय देते हुए एक व्यक्ति बोला उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है। उस व्यक्ति का उस स्त्री से क्या नाता है?

(A) चाचा (B) पुत्र
(C) पिता (D) भाई

127. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ संख्याएं दी हुई हैं, इनमें से एक संख्या अन्य से अलग है। अलग संख्या ज्ञात कीजिए :

(A) 144 (B) 196
(C) 181 (D) 121

128. रवि पश्चिम की ओर 12 किमी गाड़ी चलाता है। वह दक्षिण की ओर मुड़कर 3 किमी जाता है। वह फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 8 किंमी का सफर तय करता है। वह अपने आरम्भिक स्थल से कितनी दूरी पर है?

(A) 3 किमी (B) 5 किमी
(C) 7 किमी (D) 11 किमी

129. शब्द तथा वाक्य में जो सम्बन्ध है, वही सम्बन्ध किस जोड़े में है?

(A) अक्षर तथा शब्द (B) स्वर तथा व्यंजन
(C) मक्खी तथा छत्ता (D) गद्य तथा वाक्य

130. नीचे दिए गए प्रश्न में अंक निम्न सांकेतिक भाषा में लिखे गए हैं। दी हुई संख्या का संकेतबद्ध रूप उत्तरक्रमांक A, B, C, व D में सही चुनिए

1 2 3 4 5 6

(A) M L I D B J
(B) M L I B S J
(C) M L I J S W
(D) I L M B J S

131. यदि + का तात्पर्य है ×, × का तात्पर्य है –, – का तात्पर्य है ÷ और ÷ का तात्पर्य है +, तब $8 + 4 \times 9 - 3 \div 1 = ?$

(A) 32
(B) 9
(C) 29
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. बेमेल को चुनिए :

चाचा और भतीजा, पिता और पुत्री, भाई और बहन, ससुर और दामाद

(A) चाचा और भतीजा (B) पिता और पुत्री
(C) भाई और बहन (D) ससुर और दामाद

133. यदि डॉक्टर, बुखार, दवाई एवं स्वास्थ्य को क्रम में लिखे तो सही क्रम बताएं :

(A) दवाई, स्वास्थ्य, बुखार, डॉक्टर
(B) डॉक्टर, बुखार, दवाई, स्वास्थ्य
(C) स्वास्थ्य, बुखार, दवाई, डॉक्टर
(D) बुखार, डॉक्टर, दवाई, स्वास्थ्य

134. खाली स्थान में सही अक्षर भरें :

ABZ, BCY, CDX, DEW, ?

(A) EFW (B) EGH
(C) FHG (D) EFV

135. निम्नलिखित में चार शब्दों में से एक वर्ग से भिन्न है, वह शब्द ज्ञात कीजिए :

(A) निर्देश (B) सलाह
(C) परामर्श (D) सुझाव

136. यदि 'सत्यता' और 'बनावटीपन' एक प्रश्न युग्म के दो शब्द हैं तो उत्तर युग्म का दूसरा शब्द क्या होगा जिसका पहला शब्द 'विशेषज्ञ' है?

(A) नवसिखिया (B) आवारा
(C) पारखी (D) प्रतिनिधि

137. तरूण पूर्व की ओर जा रहा है। यदि उसे उत्तर की ओर जाना है तो किस दिशा में उसे नहीं जाना चाहिए?

(A) दाएं, दाएं, बाएं, दाएं, दाएं
(B) दाएं, दाएं, बाएं, बाएं, दाएं
(C) दाएं, दाएं, दाएं
(D) दाएं, बाएं, दाएं, बाएं


138. इस श्रृंखला के 9 के कितने अंक हैं जिसके ठीक पहले 6 हो लेकिन ठीक बाद में 3 का अंक नहीं हो?


6 9 3 5 6 9 6 3 9 2 6 9 5 6 9 5 8 6 6 6 9 3 6 4 6 9 1 9 6

(A) 2 (B) 1
(C) 4 (D) 3

www.prepp

**139.** इस प्रश्न में आकृतियों के दो समूह दिए हुए हैं। इस समूह में प्रश्न आकृतियां व दूसरे में उत्तर आकृतियां हैं! उत्तर आकृतियों को A, B, C, D द्वारा दर्शाई गई है। प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन-सी उत्तर आकृति आएगी ताकि एक नियमित शृंखला बन जाए?





(A) (B) (C) (D)

**140.** दिए हुए विकल्पों में से चिह्न : : के दाईं ओर दूसरे जोड़े के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :


प्रकाश : किरण : : आवाज : ?

(A) ध्वनि (B) सुर

(C) तरंग (D) सुनना

**141.** दिए गए प्रश्नों के लिए कौन-से चित्र का प्रदर्शन सर्वोत्तम है?

लेखक दार्शनिक शिक्षक



(A) (B) (C) (D)

**142.** दिए गए प्रश्न नीचे दिए गए प्रसंग पर अधोलिखित हैं :


रीमा एवं गेसू नृत्य एवं संगीत में पारंगत हैं। सोनल एवं रोसू संगीत एवं चित्रकला में पारंगत हैं। रीमा एवं नेहा व्याख्यान एवं नृत्य में पारंगत हैं। नेहा व सोनल चित्रकारी एवं व्याख्यान में पारंगत हैं।

नृत्य, संगीत एवं व्याख्यान में पारंगत लड़की का नाम बताओ :

(A) रीमा (B) सोनल

(C) गेसू (D) नेहा

**143.** नीचे आकृतियों के दो समूह हैं, प्रश्न आकृति एवं उत्तर आकृति। प्रश्न आकृति में 1 और 2 के बीच सुनिश्चित सम्बन्ध है। उत्तर आकृति का चयन कर आकृति 3-4 के बीच इसी सम्बन्ध को स्थापित करें।



1 2 3 4



(A) (B) (C) (D)

**144.** निम्न शृंखला में बेमेल संख्या चुनिए :

16, 17, 21, 30, 45, 71, 107

(A) 21 (B) 107

(C) 16 (D) 45

**145.** शब्दों का सही प्राकृतिक क्रम बताइए :

(A) बचपन, शैशवावस्था, किशोरावस्था, यौवन, प्रौढ़

(B) बचपन, शैशवावस्था, यौवन, किशोरावस्था, प्रौढ़

(C) किशोरावस्था, बचपन, शैशवावस्था, यौवन, प्रौढ़

(D) शैशवावस्था, बचपन, किशोरावस्था, यौवन, प्रौढ़


**146.** निर्देशानुसार करें :

कतिपय कोड प्रणाली में HNDT को 6394 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। इसी कोड प्रणाली के अन्तर्गत आप THD को किस प्रकार कूटबद्ध करेंगे?


(A) 604 (B) 428

(C) 469 (D) 349

**147.** नीचे दी गई आकृतियों को ध्यान से देखिए। आकृति I और आकृति II में जो सम्बन्ध है उसी तरह का सम्बन्ध आकृति III के साथ रखने वाली आकृति को दिए गए विकल्पों में से ढूंढिए।



I II III



(A) (B) (C) (D)

**148.** निम्न शब्दों को उसी क्रम में लिखो जिसमें वे शब्द कोश में पाए जाते हैं :

(i) SIGN (ii) SOLID

(iii) SIMPLE (iv) SCENE

(A) (i) (iv) (iii) (ii)

(B) (ii) (iii) (iv) (i)

(C) (iv) (i) (iii) (ii)

(D) (iii) (ii) (iv) (i)

**149.** पूजा की ओर संकेत करते हुए विक्रम ने कहा कि उसका पिता मेरी की बहन का पुत्र है। पूजा का विक्रम से क्या सम्बन्ध है?

(A) भतीजी

(B) दादी

(C) बहन

(D) चचेरी बहन

**150.** नीचे दी गई श्रेणी में सिर्फ उन Y को गिनो जिनके बाद I आता लेकिन I के बाद X नहीं आता हो तब बताओ ऐसे कितने Y हैं?

YIYXFZYIXZIYIIXFZXYIFYIXIZYIZ

(A) 7 (B) 4

(C) 5 (D) 6

**151.** निम्न में से कौन-सा वर्ष अधिवर्ष (लीप वर्ष) है?

(A) 1982 (B) 1978

(C) 1704 (D) 1945

**152.** निम्नलिखित में एक के अतिरिक्त सभी जोड़े हैं, जिनमें से प्रत्येक दोनों शब्द आपस में सम्बन्धित हैं। एक भिन्न जोड़ा ज्ञात कीजिए :

(A) शुद्ध व सही (B) पीड़ा व दर्द

(C) प्रसन्न व सुखी (D) परेशानी व राहत


**153.** $11 \times 5 + 8 - 3 = 2 \times 2 \times 3 \times ?$

(A) 62 (B) 12

(C) 60 (D) 5


www.prepp

154. नीचे दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या बताओ :



(A) 15 (B) 16
(C) 8 (D) 12

155. नीचे दी गई आकृतियों में से कौन-सी आकृति मच्छर, चींटी और कीटकों के बीच सम्बन्धों का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करती है ?



(A) (B) (C) (D)

156. कल से पहले का दिन शुक्रवार था, कल के बाद का दिन बताइए।

(A) बुधवार (B) रविवार
(C) मंगलवार (D) सोमवार

**157.** नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर शृंखला पूरी कीजिए

d-1, g-4, j-9, m-16, ?

(A) n-49
(B) p-25
(C) q-36
(D) r-18

**158.** नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प ढूंढकर शृंखला को पूरा कीजिए

BAZ, DCY, FEX, ?

(A) FXW (B) EFX
(C) FEY (D) HGW

**159.** नीचे दिए गए शब्दों में से शब्दकोश में आखिरी शब्द कौन-सा होगा ?

(A) Opine (B) Opium
(C) Outer (D) Odour

**160.** निम्न संख्याओं का अध्ययन कीजिए और उचित विकल्प ढूंढ कर शृंखल को पूरा कीजिए :

6, 3, 12, 6, 24 . . . . . . .

(A) 48 (B) 12
(C) 36 (D) 3

## उत्तरमाला

### भाग- 1 (सामान्य ज्ञान)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (A) | 8. (D) | 9. (C) | 10. (D) |
| 11. (B) | 12. (A) | 13. (D) | 14. (A) | 15. (C) | 16. (A) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (D) | 20. (B) |
| 21. (B) | 22.(B) | 23. (A) | 24. (A) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (A) | 28. (B) | 29. (C) | 30. (C) |
| 31. (C) | 32. (A) | 33. (B) | 34. (C) | 35. (A) | 36. (C) | 37. (C) | 38. (D) | 39. (A) | 40. (A) |

### भाग-2 (आंकिक और मानसिक सामर्थ्य परीक्षण)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (C) | 42. (A) | 43. (B) | 44. (A) | 45. (C) | 46. (D) | 47. (C) | 48. (B) | 49. (C) | 50. (B) |
| 51. (C) | 52. (B) | 53. (A) | 54. (C) | 55. (C) | 56. (D) | 57. (D) | 58. (D) | 59. (A) | 60. (D) |
| 61. (A) | 62. (D) | 63. (D) | 64. (B) | 65. (B) | 66. (C) | 67. (C) | 68. (A) | 69. (C) | 70. (C) |
| 71. (B) | 72. (A) | 73. (D) | 74. (A) | 75. (B) | 76. (C) | 77. (C) | 78. (B) | 79. (C) | 80. (B) |

### भाग- 3 (अभिरुचि परीक्षण)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81. (A) | 82. (B) | 83. (A) | 84. (C) | 85. (B) | 86. (A) | 87. (D) | 88. (B) | 89. (A) | 90. (A) |
| 91. (D) | 92. (A) | 93. (B) | 94. (D) | 95. (D) | 96. (C) | 97. (D) | 98. (C) | 99. (C) | 100. (C) |
| 101. (D) | 102. (B) | 103. (C) | 104. (B) | 105. (B) | 106. (D) | 107. (A) | 108. (B) | 109. (A) | 110. (C) |
| 111. (C) | 112. (C) | 113. (C) | 114. (C) | 115. (A) | 116. (B) | 117. (B) | 118. (B) | 119. (B) | 120. (D) |

### भाग- 4 (बुद्धि शक्ति परीक्षण)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121. (A) | 122. (C) | 123. (B) | 124. (A) | 125. (B) | 126. (C) | 127. (C) | 128. (B) | 129. (A) | 130. (B) |
| 131. (D) | 132. (D) | 133. (D) | 134. (D) | 135. (A) | 136. (A) | 137. (D) | 138. (C) | 139. (B) | 140. (C) |
| 141. (A) | 142. (A) | 143. (A) | 144. (C) | 145. (D) | 146. (C) | 147. (B) | 148. (C) | 149. (A) | 150. (B) |
| 151. (C) | 152. (D) | 153. (D) | 154. (D) | 155. (C) | 156. (C) | 157. (B) | 158. (D) | 159. (C) | 160. (B) |